पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांक:– 7486 दिनांक : 17/05/2024

अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना/निर्देश : लिखित परीक्षा 26–27 मई 2024

विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापित विभिन्न शैक्षणिक, अशैक्षणिक – अधिकारी, कनिष्ठ लिपिक (Clerical) पदों के लिए लिखित परीक्षा 26 एवं 27 मई 2024 (रविवार एवं सोमवार) को पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार सीकर ज़िला मुख्यालय पर आयोजित होना है । विश्वविद्यालय वेब साईट पर लिखित परीक्षा के लिए समय सारणी, सिलेबस, परीक्षा प्रारूप, नियम एवं शर्तें, दिशा निर्देश इत्यादि विस्तार से दिया गया है जिन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी ध्यान से पढ़ें।

आवश्यक सूचना/ निर्देश :

1. परीक्षा निर्धारित तिथि और समय पर प्रवेश पत्र (Admit Card) में उल्लेखित परीक्षा केंद्र (प्रवेश पत्र 22 मई 2024 से डाउनलोड किया जा सकता है) पर प्रारम्भ होगा । अभ्यर्थी निर्धारित समय से 60 मिनट (एक घंटा) पहले सुरक्षा जाँच एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति हेतु परीक्षा केंद्र पर पहुँच जायें। किसी भी परिस्थिति में परीक्षा प्रारंभ हो जाने के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
2. अभ्यर्थी अपने साथ प्रवेश पत्र (Admit Card) और एक मान्य परिचय पत्र (आधार या कोई अन्य) के अतिरिक्त कुछ भी परीक्षा केंद्र पर अपने साथ लेकर नहीं आएँगे।
3. घड़ी, मोबाइल, कैलकुलेटर, पेन – पेंसिल, चश्मा इत्यादि परीक्षा केंद्र पर लाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। पेन परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। परीक्षार्थी द्वारा कोई भी सामग्री साथ लाने की दशा में उन्हें रखने अथवा खो जाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन अथवा परीक्षा केंद्र प्रशासन की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।
4. किसी भी तरह के अनुचित साधन का प्रयोग करने, प्रयोग करने का प्रयास करने, आपस में बातचीत करने पर संबंधित अभ्यर्थी की परीक्षा को निरस्त/ अमान्य कर दिया जाएगा तथा सुसंगत धारा के अंतर्गत उस पर/ उन पर कानून की सुसंगत धाराओ में कार्रवाई की जाएगी।
5. लिखित परीक्षा तथा पाठ्यक्रम इत्यादि के संबंध में अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट पर 06 मई 2024 को डाली गई विस्तृत जानकारी तथा अन्य संबंधित सूचनाओं का अवलोकन करें।
6. किसी भी तरह की असुविधा, भ्रम अथवा समस्या के निराकरण के लिए recruitmentpdusu2024@gmail.com पर ईमेल करें, आपको यथोचित समाधान यथासमय मिल जाएगा।

नोडल अधिकारी (भर्ती)
पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर, राजस्थान